# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२३-२०२४**

**कक्षा:-पाँचवीं** **विषय: हिंदी** **पाठ:२ हीरा और मोती**

**कठिन शब्द**

१-नाँद

२-भूखा

३-आश्चर्य

४-तंग

५-रूखा - सूखा

६-निश्चय

७-रस्सियाँ

८-गड्ढे

९-सख्त

१०-निगाहों

११-दुर्दशा

१२-साँड़

१३-प्रसन्न

१४-कांजीहौस

१५-प्रबंध

१६-प्रयत्न

१७-नीलामी

१८-हड्डियाँ

१९-व्याकुल

२०-व्यापारी

**प्रश्न उत्तर**

प्र०१-गया का बैलों के प्रति कैसा व्यवहार था?

उ०-गया बैलों को मारता - पीटता तथा खाने के लिए उन्हें रुखा - सूखा भूसा देता था।वह उनसे बहुत ही ज्यादा काम लेता था तथा वह उन्हें प्यार भी नहीं करता था।

प्र०२-हीरा और मोती कांजीहौस में कैसे कैद हो गए?

उ०-हीरा और मोती जब गया के घर से भाग कर आ रहे थे, तब रास्ते में दोनों मटर के खेत में घुसकर मटर खाने लगे। इतने में खेत के रखवालों ने उन्हें देख लिया और पकड़कर कांजीहौस में बंद करवा दिया।

प्र०३-हीरा और मोती व्यापारी के पास कैसे पहुँचे?

उ०-हीरा और मोती ने कांजीहौस की दीवार तोड़ दी थी जिससे वहाँ के जानवर भाग गए थे कांजीहौस वालों को बहुत क्रोध आया और उन्होंने हीरा और मोती को नीलाम कर दिया। दाढ़ी वाला व्यापारी सबसे ऊँची बोली लगाकर उन्हें खरीद कर ले गया।

प्र०४-अपने बैलों को देख झूरी ने किस प्रकार अपनी खुशी ज़ाहिर की?

उ०-दोनों बैलों को देखकर झूरी को बहुत खुशी हुई , वह उनसे लिपट कर रोने लगा झूरी की पत्नी ने भी दोनों बैलों के माथे चूम लिए।

**वाक्य प्रयोग**

१-दुर्दशा (खराब स्थिति)

गाँव में सूखा पड़ जाने के कारण फसल की दुर्दशा हो गई है।

२-आज़ाद (स्वतंत्र)

भारत सन १९४७ में आज़ाद हुआ था।

३-प्रबंध (व्यवस्था)

मेरे माता - पिता ने समारोह का बहुत बढ़िया प्रबंध किया।

४-व्याकुल (परेशान)

अत्यधिक गर्मी होने के कारण पशु - पक्षी प्यास से व्याकुल होने लगे।

५-साहस (हिम्मत)

हमें संकट के समय साहस से काम लेना चाहिए।

**रिक्त स्थान**

१-रात होने पर दोनों बैलों ने वहाँ से भाग जाने का <u>निश्चय</u> किया।

२-पशु भी <u>प्यार</u> का भूखा होता है।

३-कांजीहौस में किसी के लिए चारे - पानी का <u>प्रबंध</u> नहीं था।

४-<u>हरी-हरी</u> मटर देखकर उन दोनों की भूख और भी तेज़ हो गई।

५-एक <u>व्यापारी</u> ने ऊँची बोली लगाकर उन्हें खरीद लिया।